# TEST-08

Q1. विकल्प में दिये गए शब्दों में से कौन सा शब्द विशेषण है?
**(A)** अनुमान **(B)** आकलन
**(C)** अनुभूत **(D)** अनुक्रम

Q2. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द विशेषण है?
**(A)** भलाई **(B)** विद्वान
**(C)** विवाद **(D)** ज्ञान

Q3. दिए गए विशेष्य- विशेषण युग्म में सही सुमेलित नही है?
**(A)** दिन - दैनिक
**(B)** निर्माण - निर्मित
**(C)** पतन- पतित
**(D)** पराजय- परास्त

Q4. तीनों मित्र एक साथ खाना खा रहे थे।
उपर्युक्त वाक्य में 'तीनों' निम्नलिखित में से किस प्रकार का विशेषण है?
**(A)** समुदायवाचक विशेषण
**(B)** क्रम वाचक विशेषण
**(C)** प्रत्येकबोधक विशेषण
**(D)** गणनावाचक विशेषण

Q5. ' विशेष्य ' वह शब्द होता है-
**(A)** जिस हेतु विशेषता बताई जाती है।
**(B)** जिस शब्द की विशेषता बताई जाती है।
**(C)** जिस शब्द द्वारा विशेषता बतायी जाती है।
**(D)** उपर्युक्त में से कोई नही।

Q6. 'सुनीत एक अच्छा विद्यार्थी है।'
इस वाक्य में विशेष्य है।
**(A)** सुनीत **(B)** विद्यार्थी
**(C)** अच्छा **(D)** एक

Q7. मेरा लड़का आलसी है।
वाक्य मे 'आलसी' निम्नलिखित में से किस प्रकार का विशेषण है।
**(A)** विधेय - विशेषण
**(B)** विशेष्य - विशेषण
**(C)** परिणामबोधक विशेषण
**(D)** अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण

Q8. निम्नलिखित वाक्यों पर विचार कीजिये-
दिए गए निम्नलिखित में से किस वाक्य में विशेषण का प्रयोग नही हुआ है।
**(A)** राघव परिश्रमी लड़का है।
**(B)** मेरा कुत्ता काला है।
**(C)** वह लेखक है।
**(D)** उसकी पुस्तक पुरानी नही है।

Q9. दुनिया का हर तीसरा व्यक्ति मधुमेह से पीड़ित है।
दिए गए वाक्य में ' तीसरा' शब्द किस प्रकार का विशेषण है?
**(A)** क्रमवाचक विशेषण
**(B)** आवृत्तिवाचक विशेषण
**(C)** निश्चय परिणाम बोधक विशेषण
**(D)** पूर्णांक बोधक विशेषण

Q10. दिए गए विशेष्य- विशेषण युग्मों में सही सुमेलित नही है?
**(A)** जाति- जातीय
**(B)** पुष्टि- पुष्ट
**(C)** पंथ- पंथी
**(D)** निपुणता- निपुण

Q11. निम्नलिखित में से कौन एक दुर्गा का पर्यायवाची नहीं है?
**(A)** कालिका **(B)** नारायणी
**(C)** कल्याणी **(D)** वैदेही

Q12. निम्न में से कौन एक किसी पशु का पर्यायवाची नहीं है?
**(A)** हय **(B)** कुंजर
**(C)** नाहर **(D)** विटप

Q13. निम्न में से कौन 'आकाश' का पर्यायवाची नहीं है?
**(A)** पुष्कर **(B)** सहकार
**(C)** नाक **(D)** तारापथ

Q14. निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है?
**(A)** तलवार- चंद्रहास
**(B)** जिह्वा- रसिका
**(C)** ब्राह्मण- पुरहुत
**(D)** कमल- पुंडरीक

Q15. निम्न में से कौन चंद्रमा का पर्याय शब्द नहीं है?
**(A)** निशानाथ
**(B)** मयंक
**(C)** मुकुंद
**(D)** कलानाथ

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

# TEST-08

Q16. निम्नलिखित में से कौन एक देवी का पर्यायवाची शब्द है?
**(A)** श्री
**(B)** लक्ष्मीपति
**(C)** अंजनेय
**(D)** श्यामा

Q17. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म गलत है?
**(A)** लोहू- रक्त
**(B)** अयस- लोहा
**(C)** शार्दूल- सिंह
**(D)** शोणित- मोर

Q18. निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है-
**(A)** मयूर- शिखी
**(B)** रात्रि- विभावरी
**(C)** मछली- मत्स्य
**(D)** मगरमच्छ- मर्कट

Q19. निम्न में से ग़लत युग्म पहचान कीजिए-
**(A)** दिनांक- मिति
**(B)** रात्रि- दिवाकर
**(C)** अमृत- अमिय
**(D)** सरिता- तटिनी

Q20. निम्नलिखित में से कौन 'भंवरा' का पर्यायवाची नहीं है?
**(A)** मधवा **(B)** मधुप
**(C)** मधुकर **(D)** अलि

Q21. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द अल्प का विलोम शब्द है -
**(A)** न्यून **(B)** बहु
**(C)** आदि **(D)** सांत

Q22. अथ का विलोम शब्द निम्न में से कौन सा है -
**(A)** पूरा **(B)** अधूरा
**(C)** इति **(D)** अजल

Q23. अर्पण का विलोम शब्द निम्न में से कौन सा है -
**(A)** विराग **(B)** ग्राह्य
**(C)** ग्रहण **(D)** विग्रह

Q24. अपकर्ष का विलोम शब्द निम्न में से कौन सा है -
**(A)** अर्थहीन **(B)** परिमित
**(C)** सदोष **(D)** उत्कर्ष

Q25. उत्पत्ति का विलोम शब्द निम्न में से कौन सा है -
**(A)** उद्गम **(B)** विनाश
**(C)** विकास **(D)** उत्तम

Q26. गुप्त का विलोम शब्द निम्न में से कौन सा है -
**(A)** मुक्त **(B)** प्रकट
**(C)** शांति **(D)** मुख्य

Q27. गुण का विलोम निम्न में से कौन सा नहीं है -
**(A)** अवगुण **(B)** दोष
**(C)** ऐब **(D)** गुणहीन

Q28. करुण का विलोम शब्द निम्न में से का है -
**(A)** अकरुण
**(B)** विकरुण
**(C)** निष्ठुर
**(D)** निष्कलंक

Q29. निष्काम शब्द निम्नलिखित में से किसका विलोम शब्द है-
**(A)** नाकामयाब
**(B)** बदकिस्मत
**(C)** कामी
**(D)** नाकाबिल

Q30. उदासीन का विलोम शब्द निम्न में से कौन सा है -
**(A)** प्रसन्न
**(B)** खुशकिस्मत
**(C)** आसक्त
**(D)** उद्विग्न

Q31. निम्न में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?

| तत्सम | | तद्भव |
|---|---|---|
| **(A)** मुट्ठी | - | मुष्टि |
| **(B)** लगुड़ | - | लकड़ी |
| **(C)** लशुन | - | लहसुन |
| **(D)** सप्त | - | सात |

Q32. निम्न मे से कौन सा शब्द तत्सम नहीं है?
**(A)** शिष्य
**(B)** सौभाग्य
**(C)** साग
**(D)** शीतल

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

# TEST-08

Q33. निम्न में से कौन तद्भव शब्द है?
**(A)** क्षार **(B)** मैल
**(C)** रजनी **(D)** सत्य

Q34. कौन सा युग्म सुमेलित है –
**तद्भव - तत्सम**
**(A)** होंठ - होष्ठ
**(B)** हींग - हिंग
**(C)** हथौड़ा - प्रस्तर
**(D)** हड्डी - अस्थि

Q35. निम्न मे से कौन सा शब्द तत्सम नहीं है?
**(A)** विनति **(B)** वेष
**(C)** भौंह **(D)** वंश

Q36. निम्न में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है -
**तद्भव - तत्सम**
**(A)** पूरा - पूरक
**(B)** पोती - पौत्री
**(C)** पौना - पादोन
**(D)** पूँछ - पूछ्छ

Q37. निम्न में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?
**तद्भव - तत्सम**
**(A)** फुरती - स्फूर्ति
**(B)** बकरा - वर्कर
**(C)** बढ़ई - वर्द्धकि
**(D)** बरात - बारात

Q38. निम्न में से कौन सा शब्द तत्सम है?
**(A)** पड़ोसी **(B)** नयन
**(C)** नीम **(D)** धूल

Q39. निम्न में से कौन सा शब्द तद्भव है?
**(A)** निमंत्रण **(B)** तो
**(C)** दुर्लभ **(D)** पक्षी

Q40. सुमेलित नहीं है –
**तद्भव - तत्सम**
**(A)** चूमना - चुम्बन
**(B)** चाम - चर्म
**(C)** छाया - छाँह
**(D)** छत - छत्र

Q41. निम्नलिखित में से गलत युग्म की पहचान कीजिए।
**(A)** यायावर–एक स्थान पर टिककर न रहने वाला
**(B)** पृष्टव्य–पूछने योग्य
**(C)** प्रत्युत्पन्नमति–जो तत्काल उत्तर दे सके
**(D)** युयुत्सु–युद्ध में शहीद हो जाने वाला

Q42. जिस वस्त्र को पहना न गया हो-
**(A)** अभ्यस्त **(B)** नवीन
**(C)** अप्रहत **(D)** अगम

Q43. "पीछे-पीछे चलने वाला" के लिए प्रयुक्त शब्द होगा-
**(A)** अनुगामी
**(B)** अनुचर
**(C)** अनुसरणीय
**(D)** अनादृत

Q44. सुमेलित नही है:-
**(A)** जिस रोग का इलाज न किया जा सके - लाइलाज
**(B)** जो छाती के बल चलता हो - छतनाग
**(C)** जिसका मन जगत से उचट गया हो - उदासीन
**(D)** दूसरे के हित में अपना जीवन त्याग कर देना - आत्मोत्सर्ग

Q45. "जिसे खरीद लिया गया हो" वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शब्द है-
**(A)** कातर **(B)** कुंज
**(C)** क्रीत **(D)** भक्त

Q46. "जो गुण-दोष का विवेचन करता हो" वाक्यांश के लिए शब्द होगा:-
**(A)** आलोच्य
**(B)** अश्लील
**(C)** आलोचक
**(D)** इतिवृत्त

Q47. अंकेक्षक वाक्यांश के लिए वाक्य होगा?
**(A)** आय-व्यय के आंकड़ों की जांच करने वाला
**(B)** अंगरक्षकों को कर्म निर्धारित करने वाला
**(C)** अंकों के साथ खेलने वाला
**(D)** गणना करने वाला

Q48. जिसे कभी बुढ़ापा न आए' के लिये एक शब्द निम्न में से कौन सा है?
**(A)** अजर **(B)** अजहर
**(C)** अजार **(D)** अझर

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

Q49. निम्नलिखित में से गलत युग्म की पहचान कीजिए।
**(A)** जिस स्त्री का पति बाहर हो- प्रेषितपतिका'
**(B)** जिसका विवाह न हुआ हो- अशीलवंती
**(C)** दो बार जन्म लेने वाला - द्विज
**(D)** जो कुछ नहीं जानता - अज्ञ

Q50. समुद्र की आग ' के लिए उपयुक्त शब्द है?
**(A)** दावानल **(B)** जलागम
**(C)** बड़वानल **(D)** भिष्णाग्नी

Q51. रोगी में उत्कट "जिजीविशा" थी, गलत लिखे गए शब्द को सही रूप में छाँटें।
**(A)** जीजीविषा
**(B)** जिजीविषा
**(C)** जिजिविषा
**(D)** जिजीविशा

Q52. दिए गये शब्दों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है ?
**(A)** सर्वोतम **(B)** संसारिक
**(C)** स्रोत **(D)** कीर्ती

Q53. निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए ?
**(A)** बैल और बकरी घास चरती है |
**(B)** बैल और बकरी घास चरते हैं |
**(C)** बैल और बकरी घास चरता है |
**(D)** बैल और बकरी घास चरता रहता है।

Q54. वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए : भिखारी की/ दशा से/ मुझे दया आ गई |
**(A)** भिखारी की
**(B)** दशा से
**(C)** मुझे दया आ गई |
**(D)** कोई त्रुटि नहीं

Q55. कौन - सा वाक्य शुद्ध है ?
**(A)** वाह ! कितना सुंदर दृश्य है ?
**(B)** वाह, कितना सुंदर दृश्य है |
**(C)** वाह, कितना सुंदर दृश्य होता है |
**(D)** वाह ! कितना सुंदर दृश्य है |

Q56. निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए –
**(A)** भारत में अनेक जाति हैं |
**(B)** भारत में अनेकों जाति हैं |
**(C)** भारत में अनेक जातियां हैं |
**(D)** भारत में अनेकों जातियां हैं |

Q57. निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए –
**(A)** फल बच्चे को काटकर खिलाओ |
**(B)** बच्चे को काटकर फल खिलाओ |
**(C)** बच्चे को फल काटकर खिलाओ |
**(D)** काटकर फल बच्चे को खिलाओ |

Q58. निम्नलिखित में वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए –
**(A)** मैं गाने की कसरत करता हूँ |
**(B)** मैं गाने का अभ्यास करता हूँ |
**(C)** मैं गाने का शौक कर रहा हूँ |
**(D)** मैं गाने का व्यायाम कर रहा हूँ |

Q59. प्रकारान्त्र से मेरे कथन का अभिप्राय आपसे मिलता है |
**(A)** प्राकारान्तर
**(B)** प्रकारान्तर
**(C)** प्राकारनतर
**(D)** प्रकारान्त्र

Q60. बन्दूक एक उपयोगी ________ है। रिक्त स्थान के लिए उचित शब्द का चयन करें।
**(A)** अस्त्र
**(B)** शस्त्र
**(C)** रक्षक
**(D)** औजार

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

# TEST-08

## व्याख्यात्मक हल

1. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-**
दिए गए विकल्पों में अनुभूत विशेषण शब्द है।
इसका विशेष्य अनुभूति होता है।
विकल्प में दिए गए अन्य शब्द विशेष्य हैं, इनके विशेषण होंगे-
अनुमान- अनुमानित
आकलन- आकलित
अनुक्रम - आनुक्रमिक

2. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-**
दिए गए विकल्प में विद्वान शब्द विशेषण हैं।
***नोट- विद्वान शब्द संज्ञा और विशेषण दोनो की तरह प्रयुक्त होता है।***

3. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-**
पराजय का विशेषण पराजित होता है।
विकल्प में दिए गए अन्य सभी सही सुमेलित हैं।

4. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-**
'तीनों' शब्द समुदायवाचक विशेषण है।
ऐसे विशेषण जिनसे समुदाय का बोध होता है, उसे समुदायवाचक विशेषण कहते हैं।
जैसे- दोनों, तीनों, चारों।

5. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-**
जिस शब्द की विशेषता बतायी जाये, उसे ' विशेष्य' कहते हैं।तथा जो शब्द किसी की विशेषता बतलाए उसे' विशेषण' कहते हैं।

6. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-**
दिए गए वाक्य में ' विद्यार्थी 'विशेष्य है ।
इस वाक्य में 'अच्छा ' गुणवाचक विशेषण है।
जिस शब्द से संज्ञा का गुण ,दशा, स्वभाव ,लक्षित होता है, उसे गुणवाचक विशेषण कहा जाता है।

7. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-**
जिस वाक्य में विशेषण ,विशेष्य और क्रिया के बीच में आये , उसे विधेय - विशेषण कहते हैं।
दिए गए वाक्य में आलसी लड़का के बाद प्रयुक्त हुआ है, अतः यह विधेय विशेषण है।

8. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-**
' वह लेखक है' इस वाक्य में विशेषण का प्रयोग नही हुआ है।
वाक्य में ' वह ' सर्वनाम के रूप में प्रयुक्त हुआ है।
विकल्प में दिए गए अन्य वाक्यों में ' परिश्रमी' , 'काला' , 'पुरानी' विशेषण शब्द हैं।

9. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-**
' तीसरा' शब्द क्रमवाचक विशेषण है।
इस प्रकार के विशेषण जिनसे क्रम का बोध होता है, क्रमवाचक विशेषण होते हैं।
जैसे- पहला, दूसरा ,तीसरा , आदि।

10. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-**
दिए गए विकल्प में पुष्टि- पुष्ट सही सुमेलित नही है।
पुष्टि शब्द का विशेषण पौष्टिक होता है।
विकल्प में दिए गए अन्य सभी सही सुमेलित हैं।

11. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** वैदेही सीता का पर्यायवाची है ना कि दुर्गा का सीता के अन्य पर्यायवाची है- जनककिशोरी, जनकतनया, जानकी, जनकसुता, भूमिजा। जबकि दुर्गा के अन्य पर्यायवाची हैं- चंडिका, भगवती, महामाया, गौरी, शक्ति, चंडी, भवानी।

12. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** विटप किसी पशु का पर्यायवाची नहीं है, अपितु यह वृक्ष का पर्यायवाची है। जिसका अन्य पर्यायवाची शब्द है- पेड़, द्रुम, पादप, तरु, रुख। जबकि हय घोड़ा का, कुंजर हाथी का और नाहर सिंह का पर्यायवाची शब्द है।

13. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** सहकार आम का पर्यायवाची है। जबकि अन्य आकाश के पर्यायवाची हैं। आकाश के अन्य पर्यायवाची अग्रलिखित है- गगन, नभ, अंबर, व्योम, अनंत, अंतरिक्ष, शून्य, पुष्कर, तारापथ, नाक,

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

आसमान, फलक, खगोल इत्यादि।

14. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** पुरहुत इंद्र का पर्यायवाची है। इंद्र के अन्य पर्यायवाची अग्रलिखित है- शक्र, सुरपति, देवराज, पुरंदर, देवेश, सुरेश, अमरपति इत्यादि। जीभ का पर्यायवाची शब्द है- जिह्वा, रसना, रसज्ञा, रसिका, रसीला, जबान। चंद्रहास तलवार का और पुंडरीक कमल का पर्यायवाची शब्द है। ब्राह्मण का पर्याय शब्द है विप्र, भूदेव, द्विज, महीसुर इत्यादि।

15. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** मुकुंद कृष्ण का पर्यायवाची है जबकि अन्य चंद्रमा के पर्यायवाची हैं। चंद्रमा के कुछ अन्य पर्यायवाची अग्रलिखित हैं- इंदु, शशि, शशांक, सुधाकर, हिमांशु, हिमकर, निशाकर, विभाकर, सुधांशु, चंद्र, सोम इत्यादि।

16. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-** 'श्री' लक्ष्मी जी का पर्यायवाची है। इनका अन्य पर्यायवाची है कमला, रमा, पद्मा, पद्मासना, इंदिरा, समुद्रजा, भार्गवी, सिंधु, सुता। लक्ष्मीपति विष्णु का पर्यायवाची, अंजनेय हनुमान का पर्यायवाची, और श्यामा कोयल का पर्यायवाची है।

17. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** लोहा का पर्यायवाची अयस होता है। इसके अतिरिक्त लौह, सार भी लोहा का ही पर्यायवाची है। जबकि लोहू, रुधिर, खून, शोणित, लौहित  रक्त के पर्यायवाची है। अतः विकल्प दी सुमेलित नहीं मोर का पर्यायवाची अग्रलिखित है- मयूर, शिखी, सितापांग, नर्तकप्रिय, मेहप्रिय, केकी, नीलकंठ, शिखावल, सारंग, ध्वजी इत्यादि।

18. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** 'मीन' का पर्यायवाची शब्द मत्स्य, शफरी, झष, जल जीवन, और मछली है। रात्रि का पर्यायवाची रजनी, विभावरी, निशा, तमिस्रा इत्यादि है।मर्कट बंदर का पर्याय शब्द होता है। अतः विकल्प D गलत है।

19. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** 'मिति' दिनांक का पर्यायवाची है। इसके अन्य पर्यायवाची तारीख और तिथि भी है। जबकि रात्रि का पर्यायवाची रजनी, विभावरी, निशा, तमिस्रा इत्यादि है। अमृत का पर्यायवाची सोम, अमिय, अमी, सुधा, पीयूष इत्यादि है और सरिता का पर्यायवाची निम्ना, तटिनी, तरंगिणी, अपगा, निम्नगा इत्यादि है।

20. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-** 'भंवरा' का पर्यायवाची मधुकर, अलि, मधुप है जबकि मधवा इंद्र का पर्यायवाची है। इंद्र के अन्य पर्यायवाची अग्रलिखित है- देवराज, सुरपति, पुरंदर, शक्र, शचीपति इत्यादि।

21. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** अल्प का विलोम शब्द बहु होता है जबकि न्यून का विलोम अति, आदि का विलोम अन्त और सांत का विलोम अनंत होता है।

22. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** अथ का विलोम शब्द इति होता है जबकि पूरा का विलोम अधूरा तथा अजल का विलोम सजल होता है।

23. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** अर्पण का विलोम शब्द ग्रहण होता है जबकि ग्राह्य का विलोम अग्राह्य/त्याज्य, विराग का विलोम अनुराग तथा विग्रह का विलोम अनुग्रह होता है।

24. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** अपकर्ष का विलोम शब्द उत्कर्ष होता है जबकि अर्थहीन का विलोम अर्थवान, परिमित का विलोम अमित तथा सदोष का विलोम अदोष होता है।

25. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** उत्पत्ति का विलोम शब्द विनाश होता है जबकि उद्गम का विलोम विलय, विकास का विलोम पतन तथा उत्तम का विलोम अधम होता है।

26. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** गुप्त का विलोम शब्द प्रकट होता है जबकि मुक्त का विलोम ग्रस्त, शांति का विलोम कोलाहल तथा मुख्य का विलोम गौण होता है।

27. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** गुणहीन शब्द का विलोम- अवगुण, दोष, ऐब, खामी, विकार आदि। अवगुण शब्द का विलोम गुण नहीं बल्कि गुणवान या गुणाढ्य होता है।

28. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** करुण शब्द का अर्थ करुणावान या दयावान होता है इसलिए इसका उचित विलोम शब्द निष्ठुर होगा जबकि निष्कलंक का विलोम शब्द कलंकित होगा।

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

## TEST-08

29. **उत्तर- C**

**व्याख्या:-** निष्काम शब्द का सही विलोम शब्द कामी है जबकि नाकामयाब का विलोम कामयाब, बदकिस्मत का विलोम खुशकिस्मत तथा नाकाबिल का विलोम काबिल होता है।

30. **उत्तर- C**

**व्याख्या:-** उदासीन का विलोम शब्द आसक्त होता है जबकि उदास का विलोम प्रसन्न, खुशकिस्मत का विलोम बदकिस्मत तथा उद्विग्न का विलोम निरुद्विग्न होता है।

31. **उत्तर- A**

**व्याख्या:-**

**तत्सम तद्भव**

मुष्टि - मुट्ठी

लगुड़ - लकड़ी

लशुन - लहसुन

सप्त - सात

32. **उत्तर- C**

**व्याख्या:-** 'साग' तद्भव शब्द है।

**तत्सम तद्भव**

शिष्य - सिक्ख

सौभाग्य - सुहाग

शाक - साग

शीतल - सीला

33. **उत्तर- B**

**व्याख्या:-** 'मैल' तद्भव शब्द है।

**तत्सम - तद्भव**

सत्य - सच

मल - मैल

रजनी - रैन

क्षार - राख

34. **उत्तर- D**

**व्याख्या:-**

तद्भव - तत्सम

होंठ - ओष्ठ

हींग - हिंगु

हथौड़ा - हस्त

हड्डी - अस्थि

35. **उत्तर- C**

**व्याख्या:-** 'भौंह' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम शब्द 'भ्रू' होता है।

तत्सम - तद्भव

विनति - बिनती

वेष - भेस

भ्रू - भौंह

वंश - बाँस

36. **उत्तर- D**

**व्याख्या:-** 'पूँछ' तद्भव शब्द है, जिसका तत्सम शब्द 'पुच्छ' होता है, शेष युग्म सुमेलित हैं।

37. **उत्तर- D**

**व्याख्या:-**

**तद्भव - तत्सम**

बरात - वरयात्रा

फुरती - स्फूर्ति

बकरा – वर्कर

बढ़ई - वर्द्धकि

38. **उत्तर- B**

**व्याख्या:-** 'नयन' तत्सम शब्द हैं

जिसका तद्भव 'नैन' होता है।

तद्भव - तत्सम

पड़ोसी - प्रतिवेशी

नैन - नयन

नीम - निम्ब

धूल - धूलि

39. **उत्तर- B**

**व्याख्या:-** 'तो' तद्भव शब्द है, जिसका तत्सम शब्द 'तत:' होता है।

**तत्सम - तद्भव**

निमंत्रण - नेउता

तत: - तो

दुर्लभ - दूल्हा

पक्षी - पंछी

40. **उत्तर- C**

**व्याख्या:-**

तद्भव - तत्सम

छाँह - छाया

चूमना - चुम्बन

चाम - चर्म

छत - छत्र

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

# TEST-08

41. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** कुछ ऐसे पद या शब्द होते है, जो अपने में पूरे एक वाक्य या वाक्यांश का अर्थ रखते है। इन्हीं शब्दों को अनेक शब्दों के लिए एक शब्द कहा जाता है।

▪युयुत्सु का अर्थ युद्ध करने का इच्छुक होता है,अन्य युग्म सही सुमेलित है।
कुछ अन्य अनेक शब्दों के लिए एक शब्द——

▪आवश्यकता से अधिक वर्षा होना –अतिवृष्टि

▪जिसका मन कहीँ अन्यत्र लगा हो – अन्यमनस्क

▪कमर के नीचे पहने जाने वाला वस्त्र – अधोवस्त्र

▪जो बाह्य संसार के ज्ञान से अनभिज्ञ हो – अलोकज्ञ

▪जिसका किसी मेँ लगाव या प्रेम हो – अनुरक्त

42. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-**

▪जिस वस्त्र को न पहना गया हो – अप्रहत

▪किसी काम के बार-बार करने का अनुभव वाला – अभ्यस्त

▪जहां पहुंचा ना जा सके–अगम

43. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-**

▪जिसका आदर न किया गया हो- अनादृत

▪पीछे-पीछे चलने वाला-अनुगामी

▪अनुसरण करने योग्य – अनुसरणीय

44. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** जो छाती के बल चलता हो – उरग
अन्य सभी युग्म सही सुमेलित है।

45. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** क्रीत – जिसे खरीद लिया गया हो।
कुछ अन्य अनेक शब्दों के लिए एक शब्द निम्नलिखित हैं——

▪जो संतान अवैध हो = जारज

▪पुत्र की वधू = पुत्रवधू

▪पीने की इच्छा = पिपासा

▪जिसको त्याग दिया गया हो = त्यक्त

▪बिना तार की वीणा = कोलंबक

▪जिसकी सीमा न हो = असीम

▪सब कुछ खानेवाला = सर्वभक्षी

▪जो शत्रु की हत्या करे = शत्रुघ्न

▪जिसमें तेज नहीं है = निस्तेज

▪हाथ की सफाई = हस्तलाघव

46. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-**

▪जो गुण-दोष का विवेचन करता हो–आलोचक

▪किन्ही घटनाओं का कालक्रम से किया गया यथा तथ्य वर्णन – इतिवृत्त

▪जो कहने सुनने देखने में लज्जापूर्ण हो- अश्लील

47. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-** आय-व्यय के आंकड़ों की जांच करने वाला बात के लिए एक शब्द होगा अंकेक्षक।

48. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-** जिसे कभी बुढ़ापा न आए - अजर
अन्य विकल्प–

▪अजहर का अर्थ है - चमकदार

▪अजार का अर्थ है - बीमारी

49. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** जिसका विवाह न हुआ हो- अपरिणीत
अन्य युग्म सही सुमेलित है।

50. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-**

▪समुद्र की आग –दावानल

▪कष्ट से संपन्न होने वाला–दावानल
कुछ अन्य अनेक शब्दों के लिए एक शब्द—
जिस ने हमला किया हो - आक्रान्ता

▪जिसे सूँघा जा सके - आघ्रेय

▪किसी स्थान के सर्वाधिक पुराने निवासी – आदिवासी

51. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** सही शब्द जिजीविषा है , अतः विकल्प B सही है। "जिजीविषा" शब्द हिंदी में काफी प्रयुक्त होता है । इसका सटीक अर्थ है "जीने की चाह"।

52. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** शुद्ध वर्तनी वाला शब्द स्रोत है I
अन्य में :- सर्वोत्तम, सांसारिक, कीर्ति शुद्ध शब्द हैं।

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

53. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** उपरोक्त प्रश्न में विकल्प B सही लिखा है। शेष गलत हैं क्योंकि विकल्प A में सिर्फ बकरी को सम्बोधित किया गया है। ठीक उसी प्रकार विकल्प C और D भी गलत हैं।

54. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** उपरोक्त विकल्पों में विकल्प B सही है।
इसके अनुसार दशा से की बजाय दशा देखकर होना चाहिए। अतएव शुद्ध वाक्य होगा :- भिखारी की दशा देखकर मुझे दया आ गई।

55. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** 'वाह! कितना सुन्दर दृश्य है। ' यह विस्मयादिबोधक वाक्य का उदाहरण है। विस्मयादिबोधक वाक्य अर्थात ऐसे शब्द जो वाक्य में आश्चर्य, हर्ष, शोक, घृणा आदि भाव व्यक्त करने के लिए प्रयुक्त हों।

56. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** दिए गए विकल्पों में से "हमारे देश में अनेक जातियां हैं" सही वाक्य है। अन्य विकल्प असंगत हैं।
जिन विकल्पों में अनेकों शब्द का प्रयोग हुआ है, वो सभी अशुद्ध हैं।
अनेक, एक बहुवचन शब्द है जिसका अर्थ है "कई या एक से ज्यादा"

57. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** उपरोक्त विकल्पों में विकल्प C सही है।
अन्य में : वाक्य और सम्बोधन सम्बन्धी अशुद्धियाँ हैं। जैसे कि विकल्प A एवं B में फल को काटने की बजाय बच्चे को काटना, सम्बोधित किया जा रहा है।
इसी प्रकार विकल्प D में शब्दों को उलट पुलट कर प्रयोग किया गया है , जो कि सर्वथा गलत है।

58. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** मैं गाने का अभ्यास करता हूँ, शुद्ध लिखा गया है। अन्य में गाने के साथ "कसरत" शब्द का प्रयोग अनुचित है।
विकल्प C में गाने का शौक करना नहीं बल्कि रखना होता है।
इसी प्रकार विकल्प D भी "व्यायाम" शब्द के आ जाने से अशुद्ध है।

59. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** उपर्युक्त प्रश्न में प्रकारान्तर शुद्ध रूप से लिखा जाना चाहिए। प्रश्न एवं अन्य विकल्पों में अशुद्ध रूप में लिखा गया है।
प्रकारान्तर का अर्थ - भिन्न प्रकार से, दूसरी तरह से, किसी और तरह से, अन्य रूप में होता है।

60. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** शस्त्र , रिक्त स्थान के लिए उचित शब्द है। अन्य विकल्प असंगत हैं।
अस्त्र - फेंककर चलाया जाने वाला हथियार
शस्त्र - हाथ में पकड़कर चलाया जाने वाला हथियार
रक्षक - रक्षा करने वाला
औजार - उपकरण

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

**Daily Current Affairs PDF, Best Test Series, Best GK PDF के लिए हमें Follow करें**

हमें FOLLOW करें

- Telegram
- Whatsapp
- Instagram
- Apps
- Youtube

GK Trick By Nitin Gupta
The Ultimate Key to Success.

Welcome To

# GK TRICK BY NITIN GUPTA APP

**यहाँ पर आपको मिलेगा**

- Best PDF Notes For All Exams
- Best Test Series For All Exams
- Daily Current Affairs PDF
- सभी Course बहुत ही कम Price पर
- सभी Test Detail Discription के साथ व Analysis करने को सुविधा

